डिजीटल अखबार

डीआर भोपाल



01

भोपाल, बैरागढ़, बीएचलएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया आश्विन शुक्ल पक्ष 07-2083

भोपाल, दिन शनिवार, दिनांक 17 अक्टूबर 2026

न्यूज गैलरी

युवा कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

भोपाल। जिला युवा कांग्रेस ने नगर निगम जोन क्रमांक 10 में त्योहारों के समय रहवासियों और व्यापारियों के मकानों एवं दुकानों पर लगातार की जा रही अतिक्रमण की कार्रवाई के विरोध में शुक्रवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने नगर निगम अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अंकित दुबे का कहना है कि त्योहारों के समय ऐसी कार्रवाई से आम नागरिकों, दुकानदारों एवं व्यापारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

भोपाल क्रिएटर्स समिट का चौथा संस्करण 24 अक्टूबर को होगा

भोपाल। देशभर के एक हजार से अधिक डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स, फिल्ममेकर्स, फोटोग्राफर्स, संगीतकार, डांसर्स और गेमर्स 24 अक्टूबर को भोपाल में एक मंच पर जुटेंगे। सौंका होगा भोपाल क्रिएटर्स समिट 2026 के चौथे संस्करण का। इसमें डिजिटल दुनिया की समस्ती प्रतिभाओं को अपनी रचनात्मकता दिखाने के साथ मनोरंजन और उद्योग जगत के विशेषज्ञों से जुड़ने का अवसर मिलेगा। शुक्रवार को मीडिया से चर्चा करते हुए आयोजकों ने बताया कि समिट का प्रमुख आकर्षण क्रिएटर्स अवॉर्ड जो होगा, जिसमें मुख्यमंत्री की उपस्थिति प्रस्तावित है।

विश्वकर्मा फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिवस मना

भोपाल। सर्व विश्वकर्मा एकता संकल्प फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेशनाथ विश्वकर्मा का जन्मदिवस भूमाधाम से मनाया गया। जन्मदिन पर केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, समाजसेवी विवेक सारंग, विश्वकर्मा महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमनारायण विश्वकर्मा, विधुत वर्ग महापंचायत के प्रदेश अध्यक्ष राजेश विश्वकर्मा पूर्व विधायक भगतपाल सिंह राठौड़, पंचू, नर्मदा प्रसाद विश्वकर्मा ने उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालों में जनपद सदस्य दीपक विश्वकर्मा, जगबीर जांगिड, मुकेश शर्मा, अमन विश्वकर्मा, प्रोफेसर सुविज्ञ शर्मा, अरविंद मेवाड़ा, राकेश पांचाल रविप्रकाश आदि शामिल हैं।

सोयाबीन किसानों की पंजीयन अवधि 24 तक बढ़ाई गई

भोपाल। राज्य शासन ने किसानों के ई-उपार्जन पोर्टल पर सोयाबीन के पंजीयन की अवधि 24 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। इस संबंध में सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए गए हैं।

रिजीम चेंज' के बयान पर भाजपा-कांग्रेस आमने-सामने, सत्ता परिवर्तन को लेकर बढ़ा सियासी विवाद

भाजपा ने विपक्ष पर अराजकता फैलाने और विदेशी ताकतों से जुड़ने के आरोप लगाए, कांग्रेस बोली- चुनाव के जरिए बदलेंगे सरकार

डीआर संवाददाता॥नई दिल्ली।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर जारी राजनीतिक टकराव के बीच 'रिजीम चेंज' यानी सत्ता परिवर्तन का मुद्दा गरमा गया है। अभिषेक प्रशांत भूषण के बयान के बाद भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के नेता आमने-सामने आ गए हैं। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने विपक्ष पर लोकतांत्रिक व्यवस्था को अस्थिर करने का आरोप लगाया, जबकि कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि उनकी पार्टी चुनाव के माध्यम से सत्ता परिवर्तन चाहती है।

भाजपा ने विपक्ष की मंशा पर उठाए सवाल

भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर विपक्ष के रुख पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 'रिजीम चेंज' जैसे शब्दों का इस्तेमाल विपक्ष के वास्तविक एजेंडे को उजागर करता है। नवीन ने आरोप लगाया कि विदेशी ताकतों के साथ मिलकर भारत को अस्थिर करने की कोशिश की जा रही है और यह जर्जर नक्सल एजेंडे का हिस्सा है।

उन्होंने दावा किया कि विपक्ष की लड़ाई केवल चुनावी व्यवस्था में सुधार या एसआईआर तक सीमित नहीं है, बल्कि उसका उद्देश्य किसी भी कीमत पर सत्ता परिवर्तन करना है। भाजपा ने विपक्ष की गतिविधियों को अराजकता से जोड़ते हुए इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंता का विषय बताया।

प्रशांत भूषण के बयान से शुरू हुआ विवाद

अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने 18 अक्टूबर को कहा था कि विपक्ष फिलहाल निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए संघर्ष कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा था कि यदि कथित धर्मरता जारी रही तो सत्ता परिवर्तन निश्चित हो सकता है। भूषण ने सत्ता परिवर्तन को नागरिकों का लोकतांत्रिक अधिकार बताते हुए सरकार के प्रति असंतोष व्यक्त करने के आरोप मानने पर सवाल उठाया था। उनके इस बयान के बाद राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई।

कांग्रेस बोली- वोट की ताकत से बदलेंगे सत्ता

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने भाजपा के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि उनकी पार्टी सत्ता परिवर्तन चाहती है और यह बदलाव चुनाव के जरिए होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विश्वास करती है। खेड़ा के मुताबिक, देश में असंतोष का माहौल है और युवा सरकारों पर उतरकर अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं।

उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर भी सवाल उठाए और कहा कि जनता सवाल कर रही है, लेकिन जवाब भाजपा की ओर से दिए जा रहे हैं। खेड़ा ने कांग्रेस के 'वोट चोर, गद्दी छोड़' अभियान का उल्लेख करते हुए पूछा कि इस अभियान पर भाजपा नेताओं को आपत्ति क्यों है।

एसआईआर और चुनावी प्रक्रिया पर टकराव

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और चुनावी प्रक्रिया को लेकर दोनों दलों के बीच पहले से जारी विवाद अब सत्ता परिवर्तन की बहस तक पहुंच गया है। भाजपा विपक्ष की मंशा पर सवाल उठा रही है, वहीं कांग्रेस इसे चुनाव सुधार और लोकतांत्रिक अधिकारों से जुड़ा मुद्दा बता रही है। दोनों पक्षों के बयानों से राजनीतिक माहौल और गरमा गया है।

पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश



सीएम समाधान कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सुनीं शिकायतें

डीआर संवाददाता॥भोपाल।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीएम समाधान कार्यक्रम के दौरान नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके निराकरण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसमस्याओं का समाधान संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ किया जाए। शिकायतों का निराकरण प्रारंभिक स्तर पर ही सुनिश्चित होना चाहिए, ताकि नागरिकों को बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को मुरैना पहुंचे थे। यहां उन्होंने विभिन्न शिकायतकर्ताओं से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समय पर कार्रवाई करें। शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना और आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए।

स्थानीय जरूरतों के अनुसार बने योजनाएं

मुख्यमंत्री ने विकास योजनाओं को लेकर कहा कि क्षेत्र की आवश्यकताओं और



स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखकर योजनाएं तैयार की जाएं। उन्होंने उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप युवाओं को प्रशिक्षण देने पर जोर दिया, ताकि उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें। उद्योगों की मांग और युवाओं के कौशल के बीच तालमेल स्थापित करने से रोजगार की संभावनाएं बढ़ सकती हैं।

खिलाड़ियों को मिलेगी पुरस्कार राशि

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिले की खेल प्रतिभाओं से भी संवाद किया। उन्होंने खिलाड़ियों से उनकी उपलब्धियों और अनुभवों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को दो-दो लाख रुपये तथा राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को एक-एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि देने की घोषणा की।

ओबीसी आरक्षण बहाली के लिए महासभा ने सीएम को सौंपा 14 सूत्रीय मांगपत्र, सरकार को दो-तीन दिन का समय,

डीआर संवाददाता॥भोपाल

मध्य प्रदेश में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण की बहाली और 13 प्रतिशत होल्ड वाले अभ्यर्थियों की नियुक्ति की मांग को लेकर ओबीसी महासभा ने राज्य सरकार को दो तीन दिन का समय दिया है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात के दौरान संगठन के प्रतिनिधियों ने 14 सूत्रीय मांगपत्र सौंपकर आरक्षण से जुड़े मुद्दों के शीघ्र निराकरण की मांग की।



मुलाकात के बाद महासभा के प्रतिनिधियों ने बताया कि होल्ड वाले अभ्यर्थियों की भर्ती के लिए पद बढ़ाने का प्रयास करने का आश्वासन दिया गया है। संगठन ने स्पष्ट किया कि मांगों पर जल्द निर्णय नहीं होने की स्थिति में 26 अक्टूबर को समान स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर मुख्यमंत्री से महासभा के प्रतिनिधिमंडल, याचिकाकर्ताओं और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की मुलाकात के बाद राज्य सरकार ने शुक्रवार शाम सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की। सरकार की इस पहल को 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण से जुड़े विवाद के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

महासभा की प्रमुख मांगों में 27 प्रतिशत आरक्षण की बहाली और लंबित अभ्यर्थियों की नियुक्ति का मुद्दा शामिल है।

कमला नगर पुलिस ने शबरी नगर से पकड़ा, आर्म्स एक्ट सहित अन्य मामलों में भी दर्ज हैं

डीआर संवाददाता॥भोपाल

कमला नगर थाना पुलिस ने अंबे समय से फरार चल रहे वारंटी सूरज सुंदर उर्फ छिद्रा विश्वकर्मा (28) को गिरफ्तार किया है। आरोपी पुरानी शबरी नगर का निवासी है। पुलिस ने शुक्रवार को उसे शबरी नगर स्थित एमीएम पार्क के पास अनिल डेयरी के नजदीक से पकड़ा।

पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ अलग-अलग न्यायालयों से जारी पांच स्थायी वारंट और एक निरपराधी वारंट लंबित थे। उसके विरुद्ध आर्म्स



एक्ट के तहत भी मामले दर्ज हैं। इसके अलावा मारपीट, धमकी और अन्य आरोपों से संबंधित प्रकरण भी दर्ज होने की जानकारी सामने आई है।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर शहर में फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत कमला नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया।

यह कार्रवाई थाना प्रभारी निरीक्षक निरूपा पाण्डेय के नेतृत्व में की गई। पुलिस टीम में उप निरीक्षक देवेन्द्र सिंह राजावत, उप निरीक्षक सुनील इनवाती, सहायक उप निरीक्षक मुकेश कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

पुलिस द्वारा फरार वारंटियों की तलाश और गिरफ्तारी के लिए अभियान आगे भी जारी रखा जाएगा।

नवंबर से वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने व हटाने के लिए जमा होंगे आवेदन

डीआर संवाददाता॥भोपाल

प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद अब विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) होगा। 1 जनवरी 2027 की पात्रता तिथि के आधार पर मतदाता सूची को अपडेट किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची 12 नवंबर को प्रकाशित होगी। इस पर 11 दिसंबर तक दावे-आपत्तियां ली जाएंगी। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को किया जाएगा। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फार्म 6, विदेश में रहने वाले भारतीय मतदाताओं के लिए फार्म-6 और नाम हटाने संबंधी आपत्तियों के लिए फॉर्म 7 का उपयोग होगा। पते में बदलाव, विवरण में सुधार, मतदाता पहचान पत्र बदलने और दिव्यांग मतदाता के रूप में चिह्नित कराने के लिए फार्म 8 भरना होगा।

मतदान केंद्रों का भी होगा भौतिक सत्यापन

वहीं आयोग के निर्देश पर प्रदेश में सभी विधानसभा क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग ने अपने निर्देश में कहा है कि पुनरीक्षण का उद्देश्य पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ना और मतदाता सूची की विसंगतियों को दूर करना है। इसमें ऐसे युवा भी शामिल होंगे, जो एक जनवरी 2027 तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं। इसके अलावा एक अप्रैल, एक जुलाई और एक अक्टूबर 2027 को पात्र होने वाले नाबी मतदाताओं से भी अंतिम आवेदन लिए जाएंगे। इन आवेदनों का निराकरण संबंधित तिमाही में किया जाएगा। 2 नवंबर तक मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण और पुनर्व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए हैं। नए केंद्र बनाने से पहले मौजूदा केंद्रों और उनके भवनों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा।

कटारा हिल्स पुलिस ने मदनी नगर पानी की टंकी के पास की कार्रवाई, एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

डीआर संवाददाता॥भोपाल

कटारा हिल्स थाना पुलिस ने मदनी नगर स्थित पानी की टंकी के पास कार्रवाई करते हुए एक युवक को गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान दिनेश मेहरा (28), निवासी मदनी नगर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से 1 किलो 288 ग्राम गांजा और एक मोबाइल फोन जब्त किया है। उसकी पीले रंग की स्कूटी को भी थाने में खड़ा कराया गया है। पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि मदनी नगर पानी की टंकी के पास एक युवक गांजा लेकर बिक्री के लिए बैठा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम दो गवाहों के साथ मौके पर पहुंची। मौके पर स्कूटी के पास बैठा युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। इसके बाद तलाशी लेने पर उसके पास से गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गांजा और मोबाइल फोन जब्त कर आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थों से संबंधित एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। मामले में आगे की जांच की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी गांजा कहां से लाया था और उसकी बिक्री में कोई अन्य व्यक्ति शामिल है या नहीं।

मौसम

उत्तर से आ रही ठंडी हवाओं का असर, भोपाल में न्यूनतम तापमान 18.8 डिग्री दर्ज, 72 घंटे बाद गुलाबी ठंड के आसार

भोपाल में दिन का पारा 34 डिग्री, रात पचमढ़ी से भी ठंडी

डीआर संवाददाता॥भोपाल

राजधानी में इन दिनों दिन और रात के तापमान में अंतर देखने को मिल रहा है। शुक्रवार को तेज धूप के कारण दिन का अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि रात में न्यूनतम तापमान गिरकर 18.8 डिग्री दर्ज किया गया। भोपाल की रात हिल स्टेशन पचमढ़ी से भी ठंडी रही। पचमढ़ी में न्यूनतम तापमान 20.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, उत्तर दिशा से आ रही ठंडी हवाएं रात के तापमान में गिरावट की प्रमुख वजह हैं।

24 घंटे में 1.2 डिग्री बढ़ा दिन का तापमान



शुक्रवार को भोपाल का अधिकतम तापमान 34 डिग्री रहा, जो गुरुवार की तुलना में 1.2 डिग्री अधिक था। दिन में तेज धूप के कारण पानी का एहसास हो रहा है, वहीं सूर्यास्त के बाद तापमान में गिरावट आने से रातें ठंडी होने लगी हैं। इस बदलाव के चलते दिन में गर्मी और रात में हल्की ठंड का अनुभव हो रहा है।

पांच साल में 11 बार बना ऐसा अंतर

मौसम संबंधी आंकड़ों के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में 11 बार ऐसी स्थिति बनी, जब भोपाल का न्यूनतम तापमान पचमढ़ी से कम दर्ज किया गया। वर्ष 2025 में अक्टूबर और नवंबर के दौरान चार बार भोपाल की रातें पचमढ़ी से दो से ढाई डिग्री तक ठंडी रहीं। वर्ष 2022 में भी अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर के दौरान ऐसी स्थिति सामने आई थी।

72 घंटे बाद गुलाबी ठंड के आसार

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, भोपाल उत्तर और उत्तर-पश्चिम दिशा से आने वाली ठंडी हवाओं के प्रभाव में रहता है। आसमान साफ होने पर रात में जमीन तेजी से खत्म खोती है, जिससे न्यूनतम तापमान नीचे आता है। दूसरी ओर, पचमढ़ी की भौगोलिक स्थिति और सतपुड़ा की पहाड़ियों के कारण वहां हवाओं का प्रभाव अलग रहता है। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगले 72 घंटे बाद भोपाल सहित मध्य प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में गुलाबी ठंड का दौर शुरू हो सकता है।

सर्विस रिवॉल्वर की सफाई के दौरान चली गोली, क्राइम ब्रांच के प्रधान आरक्षक घायल

डीआर संवाददाता॥भोपाल।

भोपाल। राजधानी में शुक्रवार सुबह सर्विस रिवॉल्वर की सफाई के दौरान गोली चलने से क्राइम ब्रांच के प्रधान आरक्षक बैरबल रुक्क घायल हो गए। गोली उनके बाएं हाथ की हथेली में लगी और आर-पार निकल गई। परिजन उन्हें तत्काल बैरागढ़ के सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार, बैरबल रुक्क बैरागढ़ कला में रहते हैं। शुक्रवार सुबह करीब 10:30 बजे वे ड्यूटी पर जाने से पहले अपने कमरे में सर्विस रिवॉल्वर की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान अचानक गोली चल



गई और उनके हाथ में घोट लग गई। गोली की आवाज सुनकर घर में मौजूद परिजन घबरा गए और उन्हें अस्पताल पहुंचाया।

पुलिस कर रही घटना की जांच

बैरागढ़ एसीपी सुनेश तोमर के अनुसार, मामले की जांच की जा रही है। घटना के बाद प्रधान आरक्षक के बयान दर्ज नहीं हो सके हैं। पुलिस उनके बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी।

जांच में यह पता लगाया जाएगा कि रिवॉल्वर से किन परिस्थितियों में गोली चली। घटना के वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी।

डीजिटल अखबार

डीआर सीहोर

02

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर आश्विन शुक्ल पक्षा ,07-2083

सीहोर, दिन शनिवार, दिनांक 17 अक्टूबर 2026

न्यूज गैलरी

पंकज को मिला बुक ऑफ द ईयर अवार्ड

सीहोर। साहित्य जगत से सीहोर और पूरे मध्यप्रदेश के लिए गौरवशाली खबर सामने आई है। शहर के वरिष्ठ साहित्यकार एवं कथाकार पंकज सुबीर को उनकी चर्चित कहानी संग्रह सपनेवर दरीस के लिए कलिंगा इंटरनेशनल लिटरेचर फेस्टिवल के प्रतिष्ठित अकेलाएक्स बुक ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित करने की घोषणा की गई है। यह उपलब्धि इसलिए भी ऐतिहासिक है क्योंकि इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक मंच का यह सम्मान पहली बार मध्यप्रदेश के किसी रचनाकार के हिस्से में आया है।

जनगणना 2027 स्लोगन का पत्राचार में उपयोग करें

सीहोर। जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के सफल संचालन और व्यापक जनजागरूकता के लिए जनगणना कार्य निदेशालय भोपाल द्वारा जनगणना 2027 के लोगो व स्लोगन जारी किए गए हैं। अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी ने जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों को निर्देश दिए हैं कि शासकीय पत्राचार में लोगो एवं स्लोगन को प्रमुखता स्थान पर अंकित किया जाए।

सोंडा में संगीतमय रामकथा और रामधुन आज

सीहोर। धाम सोंडा में रविवार 17 अक्टूबर को संगीतमय रामकथा और अमृतमयी रामधुन का आयोजन होगा। कार्यक्रम में कालिया चरण स्वामी के मुख से राम नाम कथा और रामधुन का श्रवण कराया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य प्रभु राम के नाम का प्रचार-प्रसार करना है। कथा प्रवाह दोपहर 1:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक सांझ मांडेर प्रांगण के पास धाम सोंडा में होगा।

स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को 51. 13 लाख की मिली छूट

सीहोर। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी अपने कार्यक्षेत्र में स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को मासिक बिजली बिल में टाइम ऑफ दे छूट दे रही है। सितंबर में सीहोर के 72 हजार 116 उपभोक्ताओं को 51 लाख 13 हजार रुपए की रियायत मिली है।

आरएसआई कप का फाइनल आज

सीहोर। शहर के मोतिया नाका स्थित आवासीय खेलकूद मैदान पर जारी आरएसआई कप इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को 2 सेमीफाइनल खेले गए थे। इसमें पहले सेमीफाइनल में सेंट मेरी टीम ने बीयू बर्ड को 80 रन के अंतर से और दूसरे मैच में लुर्दमाता स्कूल ने पैकेजा को 6 विकेट से हराया।

पीआईसी की बैठक **विभिन्न विकास कार्य योजनाय प्रमुखा कार्यों पर लाखों रुपये होंगे खर्च**

सीहोर नगर पालिका की पीआईसी बैठक में सभी 39 प्रस्तावों पर सहमति, विकास कार्यों को मिलेगी गति

डीआर संवाददाता»सीहोर



नगर पालिका परिषद सीहोर की प्रेसिडेंट इन कौंसिल (पीआईसी) की बैठक में शहर के विकास से जुड़े 39 विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में सभी 39 विषयों पर सहमति बनने के बाद विभिन्न वार्डों में सड़क, नाली और सामुदायिक भवन निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का रास्ता साफ हुआ है। इन कार्यों के माध्यम से शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने की योजना है।

नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के वार्डों में नागरिकों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्य कराने के लिए प्रस्ताव तैयार किए गए थे। पीआईसी की बैठक में इन प्रस्तावों पर चर्चा कर सहमति बनाई गई। इसमें सड़क निर्माण, जल निकासी की व्यवस्था और सामाजिक गतिविधियों के लिए सामुदायिक भवन बनाने से जुड़े कार्य शामिल हैं।

देवनगर कॉलोनी में 38 लाख से बनेगी नाली

प्रस्तावित कार्यों के तहत वार्ड क्रमांक 2 की देवनगर कॉलोनी में मातारानी के मंदिर के पीछे डामरिया रोड पर नाली का निर्माण कराया जाएगा। इस कार्य की लागत 38 लाख रुपये निर्धारित की गई है। नाली निर्माण से क्षेत्र में जल निकासी की व्यवस्था बेहतर बनने में मदद मिलेगी।

वार्ड क्रमांक 6 में शीतल मंदिर वाली गली में सड़क निर्माण के लिए 12.50 लाख रुपये की लागत निर्धारित की गई है। यही वार्ड क्रमांक 6 में गर्ल्स छात्रावास के सामने सीमेंट रोड का निर्माण कराया जाएगा। इस वार्ड पर 18 लाख 67 हजार रुपये खर्च किए जाने का प्रस्ताव है।

नवल मोहल्ला में बनेगा सामुदायिक भवन

वार्ड क्रमांक 13 के नवल मोहल्ला, पाल खेड़ा में 37 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा। इससे क्षेत्र के नागरिकों को सामाजिक और सामुदायिक आयोजनों के लिए स्थान उपलब्ध हो सकेगा। सामुदायिक भवन बनने से स्थानीय स्तर पर होने वाले सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलने की उम्मीद है।

इसी तरह वार्ड क्रमांक 22 में विभिन्न स्थानों पर सीसी रोड निर्माण के प्रस्ताव को भी सहमति मिली। इसके अंतर्गत हीरावत माता मंदिर से सोमेश्वर पिडकार्ज के घर तक, साहूजी के घर से दीवान के घर तक तथा मोहन उदौरे के घर से अनिरुद्ध सोनी के घर तक सड़क बनाई जाएगी। इन कार्यों की कुल लागत 17 लाख 87 हजार रुपये निर्धारित की गई है।

हर वार्ड में सुविधाएं बढ़ाने पर जोर

बैठक में इन प्रमुख प्रस्तावों के अलावा अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई। सभी 39 विषयों पर सहमति बनने से नगर पालिका के विभिन्न विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया को गति मिलने की संभावना है।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस सक्सेना ने कहा कि सीहोर शहर का सर्वांगीण विकास करना और प्रत्येक वार्ड में नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। सड़क, नाली और सामुदायिक भवन जैसी सुविधाएं नागरिकों की दैनिक जरूरतों से जुड़ी हैं। नगर पालिका का प्रयास है कि आवश्यकतानुसार विकास कार्यों को प्राथमिकता देकर शहर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और सुविधाजनक बनाया जाए।

बुधनी में डपर का टक्कर स महिला की मौत, 24 घायल



डीआर संवाददाता» बुदनी

स शिवालय धाम सलकनपुर जाने जाने वाले श्रद्धालुओं के साथ हो अलग हादसों में एक महिला की मौत लहित 24 लोग घायल हुए हैं। घायलों को नर्मदापुरम और रेहटी अस्पताल भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार दीपावली श्रद्धालुओं से भरी दो बसों की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बसों में सवार श्रद्धालुओं के चीखपुकार मच गई। आसपास के राहगीर और स्थानीय ग्रामीण तुरंत मदद के लिए दौड़े। ग्रामीणों ने घायलों निकाले और पास की सूचना पुलिस और एम्बुलेंस को दी। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस की दो गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं। स्थानीय लोगों और पुलिस के सहयोग से करीब एक दर्जन घायल श्रद्धालुओं को अस्पताल ले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रेहटी पहुंचाया गया। डॉक्टरों की टीम घायलों के उपचार में जुटी हुई है। फिलहाल यह नहीं कि कई श्रद्धालुओं को मामूली चोटें आई, जबकि कुछ का इलाज अभी भी जारी है।

तेज टैक्टर-ट्रॉली को एक अनियंत्रित डपर ने पीछे टक्कर मार दी। यह हादसा बुधनी स्थित बायपास के पास हुआ। ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार सभी श्रद्धालु रायसेन जिले के खजरिया गांव के रहने वाले थे, जो भगवान के दर्शन कर अपने घर लौट रहे थे, तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार डंपर ने उनकी ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी। इस भीषण सड़क हादसे में खजरिया गांव की रहने वाली संतिया बाई केवट की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

अहमदपुर देवीपुरा , सोमकच्छ, सेमरादांगी में विशाल चुनरी यात्रा आज

डीआर संवाददाता»अहमदपुर



शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष्य पर इस साल की तरह इस बार भी श्रद्धालुओं की विशाल चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। चुनरी यात्रा को लेकर आयोजन समिति द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। चुनरी यात्रा सुबह 11 बजे से कस्बा के जीवनदा माता मंदिर से शुरू होकर पलसेड़ा स्थित विंध्यवासिनी देवकी मंदिर पहुंचेगी। विंध्यवासिनी मंदिर पहुंचकर माता रानी को उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा चुनरी भेंट की जाएगी।

हर साल की तरह इस बार भी देवकी मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं में शहरीय अस्पताल द्वारा मुफ्त प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष्य पर हर साल की तरह इस बार भी विशाल चुनरी यात्रा सेमरा दांगी से रामपुरा पैपल वहली वाली माता सोयला को सांवलिया श्रद्धालुओं को चुनरी भेंट की जाएगी। आयोजन समिति ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से इस विशाल चुनरी यात्रा में शामिल होने की अपील की

सोनकच्छ में आज विशाल चुनरी यात्रा

भोपाल आगरा हाइवे स्थित ओनलकच्छ से कलवाडेली तक भव्य विशाल चुनरी यात्रा भुमक्षल से निकाली जाएगी। चुनरी यात्रा शनिवार की सुबह 11 बजे ग्राम के पूर्व मंदिर से शुरू होकर होगी। निकालने वाली विशाल चुनरी यात्रा में अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से शामिल होने की अपील की

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियानरू सीहोर में जन्म-मृत्यु पंजीयन व्यवस्था का निरीक्षण, तीन हितग्राहियों को मिले प्रमाण पत्र

डीआर संवाददाता»सीहोर



मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, मध्यप्रदेश शासन के सचिव श्री श्रीमन सुजल ने 16 अक्टूबर को सीहोर जिले का प्रवास कर जन्म-मृत्यु पंजीयन व्यवस्था और विभिन्न विकास योजनाओं के कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका सीहोर में पंजीयन संबंधी अभिलेखों का अवलोकन किया और प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने तीन हितग्राहियों को जन्म-मृत्यु पंजीयन प्रमाण पत्र वितरित किए।

निरीक्षण के दौरान सचिव सुश्री सुजल ने पंजीयन प्रक्रिया में नागरिकों को आने वाली समस्याओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने जिला स्तर पर जन्म-मृत्यु पंजीयन की ऑनलाइन व्यवस्था की समीक्षा करते हुए सभी अतिरिक्त पंजीयन सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए।

इसके बाद उन्होंने कलेक्टर कार्यालय स्थित जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय का निरीक्षण किया।

सेवा संकल्प अभियान के तहत श्यामपुर में रक्तदान शिविर, 10 लोगों ने किया रक्तदान

डीआर संवाददाता»श्यामपुर



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शुक्रवार, 16 अक्टूबर को श्यामपुर विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 10 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों की मदद के लिए आगे आने का संदेश दिया। आयोजन का उद्देश्य नागरिकों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समाज में सेवा की भावना को प्रोत्साहित करना रहा।

शिविर में रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। व्यवस्था विभाग के अधिकारियों ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों से इस पुनीत कार्य में सहभागिता करने की अपील की। उन्होंने बताया कि रक्तदान जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनरक्षक साबित हो सकता है। इसलिए स्वस्थ एवं युवा नागरिकों को रक्तदान के प्रति जागरूक होना चाहिए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार ठेहरिया ने रक्तदान करने वाले सभी लोगों के सेवाभावी प्रयासों की सराहना की। उन्होंने अन्य नागरिकों से भी आगे आकर रक्तदान करने और जनसेवा के कार्यों में भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर श्यामपुर के मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सकीय कर्मचारी, ग्राम पंचायत के सरपंच सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित इस शिविर से समाज में सहयोग, सेवा और जनकल्याण का संदेश दिया गया।

परिवहन कार्यालय का निरीक्षण, ऑनलाइन सेवाओं में देरी नहीं करने के निर्देश

डीआर संवाददाता»सीहोर।



मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत सचिव मध्यप्रदेश सड़क परिवहन एवं आयुक्त जनसम्पर्क मनीष सिंह ने शुक्रवार को सीहोर जिला परिवहन कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालयीन व्यवस्थाओं, अभिलेखों एवं साधारण और नागरिकों को दी जा रही ऑनलाइन सेवाओं की कार्यप्रणाली का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न सेवाओं का अवलोकन कर अधिकारियों से परिवहन सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों से संवाद स्थापित करने तथा नागरिकों को निर्धारित समय-सीमा में सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। शासन की मंशा है कि लोगों को अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए और कार्यालयकर्मी ने पारदर्शिता बनाए रखी जाए।

मनीष सिंह ने कार्यालय पहुंचे ड्राइविंग लाइसेंस आवेदकों से भी चर्चा कर सेवाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी दिनेश तिवारी और कर्मचारियों को नागरिकों के आवेदनों पर प्राथमिकता से कार्रवाई करने तथा सम्बन्धितों का संवेदनशीलता से निराकरण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहा।

46 किलोमीटर पैदल चले आदिवासी, मुख्यमंत्री से मिले: आश्वासन के बाद वापस लौटे

डीआर संवाददाता» सीहोर



पैरेया के कोसगी गांव के आदिवासियों का गुस्सा और उनका लंबा संघर्ष आखिरकार रंग लाया। वन विभाग की कार्रवाई के खिलाफ न्याय की मांग को लेकर 46 किलोमीटर का लंबा और कठिन पैदल सफर तय कर भोपाल की ओर बढ़ रहे आदिवासी ग्रामीणों का आंदोलन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बीच हुई उच्चस्तरीय मंत्रणा के बाद समाप्त हो गया है। सरकार से मिले आश्वासन के बाद शनीवार गुरुवार देर शाम बसों से अपने गांव वापस लौट गए। गौरतलब है कि 11 अक्टूबर को पैरेया के ग्राम कोसगी में वन विकास निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी, जिसमें 12 आदिवासी परिवारों के सहगन तोड़ दिए गए और पीने के पानी के कुओं को पाट दिया गया था। बस से छत छिन जाने के बाद इन आदिवासियों के सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया था। इसी कार्रवाई के खिलाफ न्याय की गुहार लगाने के लिए गुरुवार सुबह 11 बजे डोंसगी गांव से करीब 3 हजार रोजाविक आदिवासी महिला, पुरुष, युवा और बच्चे कोचल की तरफ पैदल मार्च पर निकल पड़े थे। लगभग तेह किलोमीटर लंबी इस रैली में शामिल लोगों ने कड़ाके की धूप की परवाह किए बगैर गुरुवार रात 46 किलोमीटर का सफर तय किया था और रात विश्राम कर रहे थे। 17 अक्टूबर को सवाहन सामीणों ने सीएम से मुलाकात व सीएम सहरा पैरेया की बात उठी थी।

रिक्ति की परीक्षा को थामते हुए गुरुवार की देर शाम मुख्यमंत्री निवास पर एक अहम बैठक बुलाई गई। इस उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान विशेष रूप से मौजूद रहे। इसमें आदिवासी विकास निगम की अध्यक्ष निर्मला डरेला, निगम अध्यक्ष रवि भलावीय, रघुनाथ सिंह भरती ने भी बैठक में हिस्सा लिया। बैठक के दौरान प्रभावित आदिवासी परिवारों के 16 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के सामने अपनी पूरी बात रखी। सीएमो सूत्रों के अनुसार सरकार ने उनकी समस्याओं को बेहद गंभीरता से सुना और तुरंत हल निकाले जाने पर सहमति बनी। इसके बाद कई स्तर के आश्वासन दिए, जिनमें प्रभावित आदिवासी परिवारों को रिलेपुर वाड़ि में जमीन के पट्टे आवंटित किए जाएंगे, ताकि उनकी आजीविका का स्थायी समाधान हो सके। अरेसपी गांव में व विकास मित्रन के अधिकारियों द्वारा की गई तोड़फोड़ और कार्रवाई की उच्चस्तरीय जांच कराई जाएगी। मुख्यमंत्री निवास पर बैठक और सहमति बनने के तुरंत बाद प्रशासनिक अमला पूरी तरह हरकत में आ गया। कलेक्टर बालागुरु के. एसपी सोनाली सवसेना और कुलनी विकास एवसाहार पदाधिकारी तुरंत ग्रामीणों के बीच पहुंचे।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत भैरूंदा में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

डीआर संवाददाता»सीहोर।



मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत 16 अक्टूबर को पैरेया विकासखंड में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। सात हो पात हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए, जिससे उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा हो सके। ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं, पात्रता संबंधी प्रक्रियाओं तथा उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी गई।

मुख्य चिकित्सक डॉ सुधीर ठेहरिया ने बताया कि अभियान का उद्देश्य पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से जोड़ना, सरकारी सेवाओं की पहुंच सरल बनाना तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीण स्तर तक पहुंचाना है।

शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों की सहभागिता से ग्रामीणों को एक ही स्थान पर आवश्यक जानकारी एवं सेवाएं उपलब्ध कराने की पहल की गई। शिविर में कलेक्टर श्री बालागुरु के., सीईओ जिला पंचायत सर्जना यादव एवं चिकित्सक उपस्थित रहे

डीआर सीहोर



03

आष्टा, इछावर, शैलूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर आश्विन शुक्ल पक्ष 07-2083 सीहोर, दिन शनिवार, दिनांक 17 अक्टूबर 2026

न्यूज गैलरी

यादव एसोसिएसन के अध्यक्ष नियुक्त

आष्टा। टेलर्स संगठन के सम्पन्न हुए निर्वाचन में अध्यक्ष पद पर सुशील यादव को नियुक्त किए जाने पर संगठन के सदस्य एवं शुभचिंतकों ने बधाई दी। यादव ने अध्यक्ष बनने पर कहा टेलरिंग व्यवसाय से जुड़े लोगों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने तथा सभी सदस्यों के हित में कार्य करने का प्रयास करेंगे। सुशील यादव ने संगठन के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। संगठन के आरक्षित्त्व सहा सतीश डोंगरे, जीतमल नकवाना, रामेश्वर सोनी, जीतमल नायक आदि ने सुशील यादव को आशीर्वाद और शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर संगठन के सदस्य भविष्य नायक, विनोद डावी महेश सोलंकी, राजेंद्र सोलंकी तारासंह नायक, मोहनलाल, राजेश कुमार, अनील खा, संतोष गजवाना आदि उपस्थित रहे।

स्लोगन का पत्रचार में उपयोग करने के निर्देश

सीहोर। जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के सफल संचालन और व्यापक जनजागरूकता के लिए जनगणना कार्य निदेशालय भोपाल द्वारा जनगणना 2027 के लोगो एवं स्लोगन जारी किए गए हैं। अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी ने जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों को निर्देश दिए हैं कि जनगणना 2027 से संबंधित शासकीय पत्राचार में लोगो एवं स्लोगन को उचित स्थान पर अंकित किया जाए।

सचिव शुक्ल ने किया सीहोर जिले का भ्रमण

सीहोर। मुख्यमंत्री जन विकास अभियान के अंतर्गत योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, मध्यप्रदेश शासन के सचिव श्रीमन शुक्ल ने सीहोर जिले का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका सीहोर में जन्म-मृत्यु पंजीयन से संबंधित अभिलेखों का अवलोकन किया तथा पंजीयन प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने तीन हितग्राहियों को जन्म-मृत्यु पंजीयन प्रमाण पत्र वितरित किए और पंजीयन प्रक्रिया में नागरिकों को आने वाली समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। श्री श्रीमन् शुक्ल ने कार्यालय कलेक्टर स्थित जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय के माध्यम से संचालित सांख्यिकी संबंधी कार्यों तथा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना एवं सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत कार्यों की स्वीकृति से संबंधित प्रक्रियाओं की समीक्षा की। जिला स्तर पर जन्म-मृत्यु पंजीयन की ऑनलाइन व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने जिले में शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत भारत सरकार के ई-साक्षी पोर्टल के संचालन की प्रक्रिया की भी समीक्षा की गई।

भैरुंदा में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया

सीहोर। मुख्यमंत्री जन विकास अभियान के अंतर्गत 16 अक्टूबर को भैरुंदा विकासखंड में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। साथ ही पात्र हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए, जिससे उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा हो सके। ग्रामीणों को शासन की विभिन्न

बैठक आष्टा नगर पालिका की सीमा बढ़ाने का प्रस्ताव पारित, आसपास के गांव होंगे शामिल

1994 के बाद पहली बार सीमा पुनर्निर्धारण की पहल, बायपास और पपनास नदी को आधार बनाकर तैयार होगी

डीआर संवाददाता>आष्टा।



नगर के सुनियोजित विस्तार और आसपास विकसित हो रही आवासीय कॉलोनियों को नगरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में नगर पालिका परिषद आष्टा ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। नगर पालिका सभागृह में नगराध्यक्ष हेमकुंवर पंवाल की अध्यक्षता में आयोजित विशेष सम्मेलन में नगरीय सीमा बढ़ाने और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को नगरपालिका में शामिल करने का प्रस्ताव बहुमत से पारित किया गया। प्रस्ताव को स्वीकृति के लिए राज्य शासन को भेजने का निर्णय लिया गया है। वर्ष 1994 के बाद करीब 32 वर्षों में पहली बार नगर की सीमाओं के पुनर्निर्धारण की पहल की गई है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने सीमा विस्तार से संबंधित प्रारितवेदन परिषद को सभा प्रस्तुत किया। इस पर उपस्थित सदस्यों ने चर्चा की। प्रस्ताव के अनुसार, नगर के आसपास विकसित हो रहे क्षेत्रों को नगरीय सीमा में शामिल करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी, जिससे भविष्य में विकास कार्यों की योजना व्यवस्थित तरीके से बनाई जा सके।

बायपास और पपनास नदी को बनाया जाएगा आधार

बैठक में बताया गया कि आष्टा से आगरा मोपाल-इंदौर बायपास और कन्नौद रोड बायपास का विकास हो चुका है। ऐसे में दोनों बायपास नगरों और पपनास नदी को प्राकृतिक सीमा को ध्यान में रखते हुए नगर की सीमा का पुनर्निर्धारण प्रस्तावित है। इसमें शहर के विस्तार को योजनाबद्ध स्वरूप देने में मदद मिलने की उम्मीद है।

इन गांवों को शामिल करने का प्रस्ताव

नगर पालिका सीमा विस्तार के प्रस्ताव में बालखेड़ा, नांगीपुरा, कलरी खालीवेली, खेताखेड़ा, जामन्याखुर्द, धनदखानपुरा, अहमदपुर दीवान और रुपखाखुर्द दीवान सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को शामिल करने की बात कही गई है। प्रस्ताव के अनुसार, इन क्षेत्रों को नगरपालिका सीमा में लाने के लिए आगे की कार्यवाई राज्य शासन की स्वीकृति के बाद की जाएगी।

सड़क, नाली और पेयजल सुविधाओं पर रहेगा जोर

नगराध्यक्ष मीटिंग उपस्थित मीडिया से कहा कि वर्ष 1996 से बाद नगर का विस्तार हुआ है, लेकिन सीमाएं नहीं बढ़ने के कारण आसपास विकसित हुई कॉलोनियां नगरपालिका क्षेत्र से बाहर हैं। सीमा विस्तार से इन क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के विकास की योजना बनाने में सहायता मिलेगी।

सीएमओ विनोदकुमार प्रजापति ने बताया कि सीमा पुनर्निर्धारण से नगरपालिका विकास को बढ़ावा मिल सकता है। इससे तहत पक्की सड़कें, आधुनिक जल निकासी व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट और पेयजल जैसी सुविधाओं की योजना बनाई जा सकेगी। साथ ही भविष्य में अतिरिक्त पुलिस अधिकार प्रहार चौकी के निर्देश पर आष्टा क्षेत्र में लाइसेंसधारी पटाखा दुकानों और स्थायी अतिक्रमणकारी गोदामों का सघन निरीक्षण किया गया।

दीपावली को लेकर पटाखा गोदामों का निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था परखी



डीआर संवाददाता>आष्टा

आगामी दशहरा और दीपावली त्योहारों को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्थाओं को चाक चौबंद कर दी है। पुलिस अधीक्षक सीहोर सोनाली सचदेवा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रहार चौकी के निर्देश पर आष्टा क्षेत्र में लाइसेंसधारी पटाखा दुकानों और स्थायी अतिक्रमणकारी गोदामों का सघन निरीक्षण किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी पंचायत एवं ग्रामीण विकास सहित सिविल और एसडीओपी दामोदर गुप्ता ने खत्री फायर वर्क्स, एकता फायर वर्क्स और सना पटाखा संदर के गोदामों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिनियम धारा, रेत, पानी सहित आग से बचाव के लिए उपलब्ध सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की गई।

अधिकारियों ने संचालकों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही रात के समय गोदामों पर चौकीदार की व्यवस्था रखने और सभी वैधानिक प्रावधानों एवं सुरक्षा नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने की समझाइश दी। निरीक्षण का उद्देश्य त्योहारों के दौरान किसी भी संभावित दुर्घटना से बचाव और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना रहा। इस दौरान संबंधित पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशासन ने पटाखा कारोबारियों को सुरक्षा मानकों के प्रति सतर्क रहने और नियमों का पालन करने के निर्देश दिए।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती की राष्ट्रीय नेतृत्व से बढ़ी संवाद सक्रियता

डीआर संवाददाता>सीहोर।

जिला कांग्रेस संगठन की गतिविधियों और राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ समन्वय को लेकर जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती की सक्रियता लगातार बनी हुई है। उनके निर्देशन में बने करीब 32 सदस्यीय संगठन को मजबूत बनाने और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। इसी कड़ी में उन्होंने हाल ही में जिले के सभी मंडल अध्यक्षों और प्रकोष्ठ प्रभारियों की बैठक बुलाई थी। इस बैठक में संगठन विस्तार, बूथ समितियों के गठन और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई।

जानकारी के अनुसार, राजीव गुजराती अब तक कार्यकर्ता से लेकर विधानसभा स्तर तक के पदाधिकारियों से संवाद स्थापित कर चुके हैं। इसके अलावा वे आगामी नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भी लगातार बैठकें ले रहे हैं। इन बैठकों में संगठन को और मजबूत बनाने, बूथ समितियों को सक्रिय करने और युवा चेहरों को आगे बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

राष्ट्रीय नेतृत्व से बढ़ी नजदीकी

जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती की राष्ट्रीय नेतृत्व से बढ़ती नजदीकी को लेकर भी कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। हाल ही में उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी से दिल्ली में मुलाकात की थी। इस दौरान जिले के संगठनात्मक ढांचे और आगामी रणनीति को लेकर विस्तृत चर्चा हुई थी। इसके बाद से ही जिले में कार्यकर्ताओं का उत्साह और बढ़ा हुआ नजर आ रहा है।

बैठकों में दिखी सक्रियता

जिलाध्यक्ष की राष्ट्रीय नेतृत्व से नजदीकी को लेकर लगातार बैठकों को लेकर जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

एकल अभिनय में देवश्री ठाकुर ने मारी बाजी, अखिल भारतीय स्तर पर करेंगी प्रांत का प्रतिनिधित्व

डीआर संवाददाता>आष्टा।



एकलव्यी शिशु मंदिर जावर की प्रतिभावान छात्रा देवश्री ठाकुर ने प्रांत स्तरीय संस्कृति महोत्सव की एकल अभिनय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और नगर का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के बाद देवश्री अब अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रांत का प्रतिनिधित्व करेगी।

देवश्री की सफलता पर विद्यालय परिवार में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय परिवार और अतिथियों ने छात्रा को बधाई देते हुए उसकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सामरोह में देवश्री के पिता मितेंद्र ठाकुर, दादी, बुआ सहित स्वामी विवेकानंद शिक्षा समिति के अध्यक्ष बालूलाल पटेल, उपाध्यक्ष जयनारायण राठौर और समिति कार्यालय सचिव सिंह ठाकुर उपस्थित रहे।

अतिथियों ने कहा कि देवश्री की उपलब्धि विद्यालय, जावर नगर और पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने विश्वास जताया कि छात्रा आगे भी अपनी कला और प्रतिभा के माध्यम से क्षेत्र का नाम रोशन करेगी। देवश्री के पिता मितेंद्र ठाकुर ने बेटी की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय परिवार और आचार्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री यंग प्रोफेशनल्स दल ने किया सीहोर जिले का भ्रमण, योजनाओं की कार्यप्रणाली समझी

डीआर संवाददाता>सीहोर



अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति शोधसंस्थान लखनऊ के मुख्यमंत्री यंग प्रोफेशनल्स दल ने मुख्यमंत्री यंग प्रोफेशनल्स फॉर प्रोग्राम के अंतर्गत सीहोर जिले का भ्रमण किया। इस दौरान दल के सदस्यों ने विभिन्न शासकीय विभागों और संस्थानों का निरीक्षण कर योजनाओं के क्रियान्वयन, प्रशासनिक व्यवस्था और नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की जानकारी प्राप्त की।

भ्रमण के दौरान दल जिला पंचायत और कलेक्टर कार्यालय पहुंचा। वहां अधिकारियों से वर्ष कर विभागीय समन्वय, योजनाओं की प्रगति और हितग्राहियों तक सेवाएं पहुंचाने की प्रक्रिया को समझा। इसके बाद जिला अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं, मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं और अस्पताल की व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

दल ने सांदीपनि विद्यालय पहुंचकर शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यार्थियों को उपलब्ध सुविधाओं और शिक्षा की गुणवत्ता से जुड़े पहलुओं के आयोजित किया। राष्ट्रीय यामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की जानकारी लेते हुए स्व-सहायता समूहों की भूमिका और ग्रामीण आर्थिक सशक्तीकरण के प्रयासों को भी समझा।

इसी क्रम में शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय का भ्रमण कर तकनीकी शिक्षा एवं प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। तहसील और जनपद कार्यालयों में पहुंचकर राजस्व प्रशासन, ग्रामीण विकास और स्थानीय स्तर पर संचालित शासकीय सेवाओं की जानकारी ली गई।

इस भ्रमण का उद्देश्य सरकारी संस्थानों की कार्यप्रणाली को करीब से समझना और योजनाओं के व्यावहारिक क्रियान्वयन का अनुभव प्राप्त करना रहा।

सूने मकान में चोरी का खुलासा, भोपाल के तीन आरोपी गिरफ्तार

डीआर संवाददाता>आष्टा।



थाना पारंपी पुलिस ने सूने मकान में हुई चोरी का खुलासा करते हुए भोपाल निवासी तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी कर माल भी बरामद किया है। कार्रवाई के बाद तीनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जिला जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार, फरियादी ओलीराम पिता किया पैसेस के पीछे रहने वाले निर्मल सनकर (25) ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 20 सितंबर की शाम वह घर पर ताला लगाकर परिजनों के साथ जुजावलपुर के पास दावाजर में रिश्तेदार के निधन संबंधी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। 29 सितंबर की सुबह लौटने पर घर के मुख्य गेट और अंदर के दरवाजों के ताले टूटे मिले। अलमारी का सामान बिखरा हुआ था। अज्ञात आरोपी सोने-चांदी के आभूषण और 8 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए थे।

मामले में पुलिस अधीक्षक सोनाली सचदेव के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रहार चौकी के मार्गदर्शन और एसडीओपी दामोदर गुप्ता के निर्देशन में थाना प्रभारी हरि सिंह परमार के नेतृत्व में तीन सदस्यीय एक टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल के अवलोकन और इंदौर-भोपाल हाईवे पर आष्टा से भोपाल तक करीब 100 से 125 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर मास्टर माइंडसहित (24), अभिषेक कुशवाह (24) और विक्रम राजक, तीनों निवासी कलियासोत क्षेत्र, भोपाल को गिरफ्तार किया गया।

शुक्रवार को मंडी सीहोर मंडी में सोयाबीन 6,926 और लहसुन 20,000 रुपये क्विंटल तक बिका

कुरावर में सोयाबीन का मॉडल भाव 6,750 रुपये, अहमदपुर में 6,400 रुपये रहा

डीआर संवाददाता>सीहोर, रायगढ़



जिले की कृषि उपज मंडियों में शुक्रवार, 16 अक्टूबर को सोयाबीन, गेहूं, मक्का और लहसुन की आवक दर्ज की गई। सीहोर मंडी में सोयाबीन का अधिकतम भाव 6,926 रुपये प्रति क्विंटल रहा, जबकि लहसुन 20,000 रुपये प्रति क्विंटल तक बिका। कुरावर और अहमदपुर मंडियों में भी सोयाबीन के भाव मजबूत बने रहे।

कृषि उपज मंडी समिति सीहोर के वैगिक आढ़तिया एवं भाव पत्रक के अनुसार, मंडी में कुल 17,741 क्विंटल कृषि उपज की आवक हुई। इसमें अनाज की आवक 15,929 क्विंटल और फल-सब्जियों की आवक 1,812 क्विंटल रही। पीले सोयाबीन की 10,480 क्विंटल आवक दर्ज की गई। इसका न्यूनतम भाव 4,000, अधिकतम 6,926 और मॉडल भाव 6,675 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

मंडी में मक्का का मॉडल भाव 2,478 रुपये, गेहूं लोकवन का 3,110 रुपये और गेहूं सिंत का 2,650 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। लाल लहसुन का मॉडल भाव 7,000 और सफेद लहसुन का 7,631 रुपये रहा। सब्जी मंडी में 1,147 क्विंटल तहसुन की आवक हुई। इसका मॉडल भाव 9,700 और अधिकतम भाव 20,000 रुपये प्रति क्विंटल रहा। प्याज का मॉडल भाव 3,701 रुपये दर्ज किया गया।

कुरावर और अहमदपुर के भाव

रायगढ़ जिले की कुरावर मंडी में कुल 8,663 क्विंटल उपज की आवक हुई। इसमें सोयाबीन की मात्रा 7,407 क्विंटल रही। सोयाबीन का अधिकतम भाव 6,900 और मॉडल भाव 6,750 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। गेहूं का मॉडल भाव 2,675 रुपये रहा।

रुखनपुर मंडी की उपमंडी अहमदपुर में कुल 1,458 क्विंटल उपज आई। इसमें 1,440 क्विंटल सोयाबीन शामिल था। यहां सोयाबीन का अधिकतम भाव 6,805 और मॉडल भाव 6,400 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

मंडी में उपज बेचने आने वाले किसान प्रवेश पर्ची के लिए मोबाइल नंबर, पड़ायन पत्र या आधार कार्ड और वाहन नंबर साथ रखें। उपज को साफ और सुखाकर लाने से बेहतर भाव मिलने में मदद मिल सकती है।

मौत के बाद बीमा क्लेम का भुगतान नहीं करना भारी पड़ा

डीआर संवाददाता>बिलकिसगंज

भैंस की मौत के बाद बीमा क्लेम का भुगतान नहीं करना रुपाक्ष अलियंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी को भारी पड़ा। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतिनिधक आयोग ने कंपनी को बीमित पशु की राशि 70 हजार रुपए भुगतान के आदेश दिए हैं। आयोग ने सेवा में कमी मानते हुए परिवादी को मानसिक क्षति के लिए 3 हजार और परिवाद खर्च के लिए 2 हजार रुपए अतिरिक्त देने के निर्देश दिए। इस तरह कंपनी को कुल 75 हजार रुपए का भुगतान करना होगा।

मामले में पैरवी कर रहे विजेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि इछावर तहसील के ग्राम लसूड़िया शेखू निवासी रणवीर सिंह ठाकुर (36) ने अपनी भैंस का रुपाक्ष अलियंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी से बीमा कराया था।

बीमा अवधि 31 अगस्त 2024 से 30 अगस्त 2025 तक थी और पशु की बीमित राशि 70 हजार रुपए थी। 22 सितंबर 2024 को भैंस की मृत्यु हो गई। परिवादी ने बीमा कंपनी को सूचना देने के साथ पशु का पोस्टमार्टम कराया और क्लेम के लिए जरूरी दस्तावेज जमा किए, लेकिन लंबे समय तक भुगतान नहीं हुआ।

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ आश्विन शुक्ल पक्ष-07 -2083 विदिशा,शनिवार,दिनांक,17 अक्टूबर,2026

न्यूज गैलरी

कलेक्टर और एसपी ने आदिवासी बालक आश्रम शाला का किया निरीक्षण

लटेरी। मुख्यमंत्री जनदेखभाल अभियान के तहत कलेक्टर अंशुल गुप्ता और एसपी रोहित ईसरानी ने शुक्रवार को तय शेड्यूल से शुक्रवार को तय शेड्यूल से शासकीय आदिवासी बालक आश्रम शाला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों की उपस्थिति, आवास, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने स्वजनों में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद किया और उनकी पढ़ाई व दैनिक सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने भंडार कक्ष का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को भोजन, पेयजल, स्वच्छता, शौचालय और स्वच्छता की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सचिन प्रवक्ता, शैलेंद्र सह प्रवक्ता, विवेक सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त

विदिशा। अनाज वितरण सहकार उत्पादन कल्याण संघ के प्रवक्ता, सह प्रवक्ता एवं सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त कर दिए गए हैं। संघ द्वारा सचिन सहू को प्रवक्ता, शैलेंद्र पौतलिया को सह प्रवक्ता, विवेक सोनकर को सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पर संघ के पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

कलेक्टर ने जिलाबदर आदेश जारी किया

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने एसपी के प्रतिवेदन पर एक प्रकरण में जिलाबदर के आदेश जारी कर दिए हैं। विभिन्न अपराधों में लिप्त आरोपक मोहन कुशवाह पिता अनंत कुशवाह ग्राम लखवा थाना लोढ़ा जिला विदिशा के विरुद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जिलाबदर की कार्यवाही तीन माह के लिए की गई है।

साई बाबा स्थापना के 10 वर्ष, 20 को होगा महोत्सव

विदिशा। विजयदशमी पर श्री साई बाबा सेवा समिति की ओर से 20 अक्टूबर को रामहरा महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इस बार आयोजन खास रहेगा, क्योंकि साई बाबा की मूर्ति स्थापना के 10 वर्ष पूरे हो रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 6 बजे होगी। इसमें श्री साई बाबा की मूर्ति का अभिषेक, हवन-पूजन और दिनभर भजन-कीर्तन होंगे।

महाकाली दरबार में आज महाआरती और जागरण

विदिशा। स्वनी रोड स्थित नवाआती दरबार में नवरात्र के अवसर पर श्रद्धालुओं को सप्तमी पर महाआरती और जागरण का आयोजन किया जाएगा। पंडित पीयूष शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर माता का भव्य शृंगार किया जाएगा। शाम 7.30 बजे महाआरती होगी।

विदिशासू शिक्षकों के एनपीएस खातों में लाखों रुपये का अंतर, जमा राशि बढ़ने के बजाय घटरही

कई शिक्षकों के खातों में 5 हजार से एक लाख रुपये तक की कमी का दावा, जांच और कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन देंगे शिक्षक

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा।



जिले में शिक्षकों के राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) खातों में जमा राशि के हिसाब को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। जिले के सैकड़ों शिक्षकों ने अपने खातों में जमा पूंजी कम होने की बात कही है। हैरानी की बात यह है कि वेतन से अंशदान कटने और सरकार की ओर से राशि जमा होने के संदेश मिलने के बावजूद खातों का कुल बैलेंस बढ़ने के बजाय कम दिखाई दे रहा है। इससे शिक्षक परेशान हैं और उन्हें अपनी जमा पूंजी की वास्तविक स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है।

शिक्षकों के एनपीएस खाते में उनके वेतन से काटी गई राशि के साथ शासन की ओर से निर्धारित अंशदान भी जमा किया जाता है। यह राशि सेवानिवृत्ति के बाद अर्जित सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण होती है। शिक्षकों का कहना है कि अक्टूबर माह में वेतन से अंशदान कटने और खाते में राशि जुड़ने के संदेश प्राप्त हुए, लेकिन बैलेंस की जांच करने पर जमा राशि में कमी सामने आई। वर्ष 2010 से पहले नियुक्त कुछ शिक्षकों ने 50 हजार से एक लाख रुपये तक की कमी बताई है। वहीं, बाद में नियुक्त शिक्षकों के खातों में पांच हजार से 30-40 हजार रुपये तक का अंतर सामने आने की बात कही जा रही है।

बेलानारा के शिक्षक के खाते में भी अंतर

गटेरन विकासखंड के बेलानारा प्राथमिक स्कूल में पदस्थ शिक्षक रामसेवक कुशवाह के खाते का मामला भी सामने आया है। उनके अनुसार, 4 सितंबर को एनपीएस खाते में 20,818 रुपये जमा होने का संदेश मिला था। इसके बाद खाते में कुल राशि 24 लाख 10 हजार 19 रुपये हो गई थी। 15 अक्टूबर को फिर इतनी ही राशि जमा होने का संदेश आया, लेकिन खाते का कुल बैलेंस बढ़ने के बजाय 29 हजार 882 रुपये घट गया। इस तरह पहले कार्य गए बैलेंस की तुलना में 48 हजार रुपये से अधिक का अंतर दिखाई दिया। शिक्षक अब इस अंतर का कारण जानना चाहते हैं।

कई शिक्षकों ने बताई राशि कम होने की बात

अहमदपुर नवाप्रिक शाला के शिक्षक सोनू सिंह आहिरवार ने बताया कि उनके खाते में करीब 50 से 60 हजार रुपये की कमी दिखाई दे रही है। वहीं, चौबई शासकीय प्राथमिक शाला के शिक्षक राकेश राठौर ने बताया कि उनके खाते में 54 हजार रुपये कम होने की बात कही। इसके अलावा बेरखेड़ी खुर्द, गैरौंबाग, पड़न, बीड़, लखपुर, गोरीखेड़ा और गढ़ा सहित विभिन्न विद्यालयों में पदस्थ शिक्षकों ने भी एनपीएस खातों में राशि कम होने की शिकायत कराई है।

ज्ञापन देकर जांच की मांग करेंगे शिक्षक

खातों में राशि कम दिखाई देने के मामलों को लेकर शिक्षकों में नाराजगी है। प्रभावित शिक्षक अब संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपने और जरूरत पड़ने पर धरना-प्रदर्शन करने की तैयारी कर रहे हैं। उनकी मांग है कि एनपीएस खातों के लेन-देन के विवरण और संबंधित रिकॉर्ड की जांच के बाद ही पता चल सकेगा कि राशि में कमी तकनीकी त्रुटि, हिसाब के अंतर या किसी अन्य स्तर से हुई है।

शिकायत मिलने पर होगी जांच

जिला शिक्षा अधिकारी एनपी अहिरवार ने बताया कि यदि शिक्षकों के एनपीएस खातों में राशि कम हुई है तो इसकी जांच कराई जाएगी। प्रभावित शिक्षक खाते से संबंधित संदेश सुरक्षित रखें और आवेदन अपने विकासखंड शिक्षा अधिकारी के पास जमा करें। प्राप्त आवेदनों के आधार पर एनपीएस हाता से प्रकरणों की जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि सही अभिलेखों जमा और कटौती है तथा अभी तक उनके कार्यालय में इस संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

फिलहाल खातों में दिखाई दे रहे अंतर का वास्तविक कारण स्पष्ट नहीं है। ऐसे में शिक्षकों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

त्योहारों से पहले होटलों में खाद्य पदार्थों की जांच, नमूने लिए



डीआर संवाददाता ✉ विदिशा।

त्योहारों के मद्देनजर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने होटलों में जांच अभियान शुरू कर दिया है। शुक्रवार को विभाग की टीम ने शहर के हवेली होटल और सागर्वी होटल सहित अन्य स्थानों पर खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्रित किए। इन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य निरीक्षक कुदेसिया खान ने बताया कि हवेली होटल से 5 से 6 नमूने और सागर्वी होटल से 2 नमूने लिए गए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। होटल संचालक विनीत दागी ने विभाग की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि ग्राहकों को शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है।

रेलवे स्टेशन क्षेत्र में भी जांच की जरूरत

शहर में जहां प्रमुख होटलों में जांच की जा रही है, वहीं रेलवे स्टेशन के आसपास संचालित कुछ होटलों में साफ-सफाई और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर भी जांच की जरूरत है। स्थानीय स्तर पर इन स्थानों पर नियमित निरीक्षण की मांग उठती रही है। विभाग के अनुसार, त्योहारों के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांचने का अभियान और तेज किया जाएगा, ताकि मिलावट पर रोक लगाने के साथ लोगों को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा सके।

आंगनबाड़ी में एक साल से बच्चों को नहीं मिला नियमित पोषण आहार

डीआर संवाददाता ✉ ग्यारसपुर

महिला एवं बाल विकास परियोजना ग्यारसपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिरवाहा के सिरसवानी गांव स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में करीब एक साल से बच्चों को नियमित भोजन नहीं मिलने का मामला सामने आया है। उचित मूल्य की दुकान से राशन नहीं मिलने के कारण भोजन व्यवस्था प्रभावित है। इसका असर बच्चों की उपस्थिति पर भी पड़ रहा है।

केंद्र में शून्य से छह वर्ष तक के 37 बच्चे दर्ज हैं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गुड्डी बाई ने बताया कि बच्चों को भोजन उपलब्ध कराने के लिए वह अपने खर्च पर प्रत्येक मंगलवार को खाना खिलाती हैं। नियमित पोषण आहार नहीं मिलने से बच्चे भी उपस्थिति बनाए रखने में परेशानी हो रही है।

भवन की भी कमी

आंगनबाड़ी केंद्र का अपना भवन नहीं है। किराए इस्तवन संचालन स्कूल के अतिरिक्त कक्ष में किया जा रहा है। ऐसे में खाना और भोजन की सामग्री के साथ भवन की कमी भी विभाग को देखकर सुविधाएं उपलब्ध कराने में बाधा बन रही है।

मामले में महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कुलिका खान ने कहा कि यदि बच्चों को एक साल से भोजन नहीं मिल रहा है, तो इसकी जानकारी लेकर मामले को देखवाया जाएगा।

नवोदय विद्यालय शमशाबाद में पालक-शिक्षक संगोष्ठी आयोजित

डीआर संवाददाता ✉ रामलाबाद।

शमशाबाद स्थित दीपक की लखकर नवोदय विद्यालय में पालक-शिक्षक संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें विद्यालयीन की शैक्षणिक प्रगति, सर्वांगीण विकास और अनुशासनिक आचरण को लेकर चर्चा हुई। कक्षा छठी, 7वीं, 8वीं और 11वीं के विद्यार्थियों के पालक उन्हें घर पहुंचे और शिक्षकों से बच्चों की पढ़ाई तथा प्रदर्शन की जानकारी ली।



विद्यालय के प्राचार्य विनोद कुमार ने बताया कि नवोदय विद्यालय समिति के दिशा-निर्देशों के अनुसार 18 अक्टूबर से 15 नवंबर 2026 तक शरदबसंतीन अभावग्रस्त मिशनेशन किया गया है। इसी के तहत संबंधित कक्षाओं के विद्यार्थियों के पालक उन्हें घर ले जाने के लिए विद्यालय पहुंचे।

संगोष्ठी में प्राचार्य ने विद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि चालू शैक्षणिक वर्ष में विद्यालय के तीन विद्यार्थियों का स्टूडेंट नेम्स फेलरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के लिए चयन हुआ है। उन्होंने पढ़ाई के साथ खेल गतिविधियों में विद्यार्थियों की भागीदारी को भी महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में उप प्राचार्य, शिक्षक, कर्मचारी और पालक उपस्थित रहे। संगोष्ठी का उद्देश्य विद्यालय और अभिभावकों के बीच समन्वय बढ़ाना तथा विद्यार्थियों की प्रगति से पालकों को अवगत कराना रहा।

मराठा सेना की अवनी से मूर्ति है देवी के बाग मंदिर की लोक कथा,

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

विदिशा के देवी के बाग स्थित मां दुर्गा मंदिर में नवरात्र का मेला सज रहा है। मंदिर की स्थापित विदिशा शहर से बाहर भी फैली हुई है। प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों से श्रद्धालु यहां दर्शन करने आते हैं। ये श्रद्धालुगण पूरी होने की आस्था के साथ मंदिर में गेंदे चढ़ाते हैं। स्थानीय परंपरा के अनुसार, चार्जीवत युद्ध के लिए पुरी से रवाना हुई मराठा सेना सात साहब पेशवा से मंजूरी ले सीहोर होते हुए विदिशा पहुंची थी। बताया जाता है कि शिंदे ने वेतवा नदी के किनारे खुले मैदान में छावनी बनाई थी।

स्थानीय मान्यता ने इस स्थान को आज नाना का बाग के नाम से पहचान जाता है। छावनी के दौरान सैनिकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए तत्व प्रधान किया गया। एक बावड़ी का निर्माण कराया गया। इसी दौरान पुत्र—अवेना से लिए देवी प्रतिमा स्थापित किए जाने की बात भी कही जाती है। जिस स्थान पर प्रतिमा स्थापित हुई, वह आगे चलकर 'देवी का बाग' कहलाया। स्थानीय जानकारों में यह भी कहा जाता है कि देवी प्रतिमा लंबे समय तक खुले स्थान पर रही। यहां मंदिर निर्माण कराने की कई प्रयास सफल नहीं हो सके।

लटेरी में छह वाहनों पर चालानी या कार्रवाई, 83 हजार रुपए वसूले एक यात्री बस जब्त,

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा।



मुख्यमंत्री जन शिकायत अभियान के तहत शुक्रवार को लटेरी में जिला परिवहन विभाग ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। कलेक्टर के निर्देश पर जिला परिवहन अधिकारी रोहितेश कुमार ने नेतृत्व में दुई सर्कल्स के दो दल गठित किए गए। उन्होंने बताया कि उल्लंघन करने वाले वाहनों से 17 पेटी अर्थात् 204 के साथ लापरवाही बरतने वाले चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। जांच के दौरान एक यात्री बस को भी जब्त किया गया।

प्राथमिक शाला में रेत छानने और तगाड़ी ढोने का आरोप, जांच का दिया आश्वासन

डीआर संवाददाता ✉ चालपुर



शिक्षा के मंदिर में बच्चों के हाथों में कलम और किताबों की जगह तगाड़ी और छन्ना थमाने का मामला सामने आया है। ग्यारसपुर शिक्षा केंद्र के संकुल ड्रैदरबई अंतर्गत प्राथमिक शाला लोहरों में शौचालय की मरम्मत के दौरान वहां तीन से बच्चों से निर्माण कार्य कराने का आरोप है।

जानकारी के अनुसार, शिक्षकों के प्रभारी शिक्षक लखपाल यादव मिस्त्री के साथ शौचालय की मरम्मत का काम कर रहे थे। इस दौरान कक्षा 8 से 10 वर्ष की उम्र के बच्चे रेत छानते, तगाड़ी में रेत भरकर ढोते और निर्माण कार्य में सहयोग करते दिखाई दिए। इस मामले ने विद्यालय में बच्चों की सुरक्षा और पढ़ाई की व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

पढ़ाई के समय निर्माण कार्य पर सवाल

विद्यालय में कुल 30 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। आरोप है कि भीषे पर कक्षा में नियमित पढ़ाई होती नजर नहीं आई और विद्यालय में पदस्थ अतिथि शिक्षक भी मौजूद नहीं थे। बच्चों से निर्माण कार्य कराए जाने की स्थिति की जांच कर जिम्मेदारी तय करने की मांग उठ रही है।

एसडीएम ने दिया जांच का आश्वासन

इस संबंध में एसडीएम तहसिल शिवा ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी और जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। अब यह देखना होगा कि जांच में क्या तथ्य सामने आते हैं और बच्चों से निर्माण कार्य कराए जाने के आरोपों पर क्या कार्रवाई होती है।

कार्रवाई की

मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण बढ़ा, शहर के अंदर कार्रवाई का इंतजार

बायपास से दुर्गानगर चौराहे तक संयुक्त अभियान चलाकर हवाई गुमठियां और अस्थायी दुकानें,

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा।



शहर में मुख्य मार्गों और बाजारों में बढ़ता अतिक्रमण यातायात व्यवस्था के लिए परेशानी बनता जा रहा है। सड़क किनारे गुमठियां लगने, अस्थायी दुकानें लगाने और दुकानों का सामान बाहर तक फैलाने से सड़कें संकरी हो गई हैं। इससे वाहन चालकों और राहगीरों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लोहरों का सौंदर्य नगरीय होने के बावजूद शहर के अंदरूनी इलाकों में अतिक्रमण हटाने की प्रभावी कार्रवाई का इंतजार है।

इधर, न्यायालय के निर्देश पर चार विभागों की संयुक्त टीम ने अहमदपुर हाईवे बायपास से दुर्गानगर चौराहे तक अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान सड़क किनारे रखी गुमठियों और अस्थायी दुकानों को हटाया गया। अतिक्रमण से संबंधित सामान जब्त करने के साथ चालानी कार्रवाई भी की गई। अभियान में नगरपालिका, पुलिस, खाद्य और आबकारी विभाग के अधिकारी शामिल रहे। खाद्य विभाग ने खाने-पीने की वस्तुओं के नमूने भी लिए।

सड़कें संकरी होने से बढ़ी परेशानी

शहर के मुख्य बाजारों में कई जगह स्थायी अतिक्रमण होने से सड़क और सार्वजनिक स्थानों का उपयोग प्रभावित हो रहा है। लोहारों के दौरान बाजारों में लोगों और वाहनों की आवाजाही बढ़ने से जरेशानी और बढ़ जाती है। ऐसे में मुख्य बाजारों, चौराहों और व्यस्त मार्गों पर भी अभियान चलाने की जरूरत है। स्थायी अतिक्रमण हटाकर निर्धारित स्थानों पर पहुंचने की व्यवस्था की जा सकती है।न्यायालयिक के अतिक्रमण दस्ता प्रभारी के अनुसार, न्यायालय के निर्देश पर अभियान चलाया गया है। आगे निर्देश मिलने पर संबंधित विभाग संयुक्त रूप से कार्रवाई करेंगे।

मुख्य बाजारों में भी कार्रवाई की जरूरत

शहर के मुख्य बाजारों में कई जगह स्थायी अतिक्रमण होने से सड़क किनारे की खाली जगहों पर गुमठियां रखकर कब्जा कर लिया गया है। इसके अलावा दुकानों का सामान सड़क तक फैलने से आवागमन प्रभावित होता है। व्यस्त मार्गों पर इससे वाहन चालकों को निकलने में परेशानी होती है और यातायात का दबाव भी बढ़ता है। संयुक्त टीम ने इसी समस्या को देखते हुए बायपास से दुर्गानगर चौराहे तक कार्रवाई की।

हाईवे के तीन होटलों की रसोई में मिलीं अनियमितताएं

कूड़ पार्क में खराब पनीर और एक्सपायरी ब्रेड मिली, तीनों होटलों के नमूने जांच के लिए भोपाल भेजे

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा।

त्योहारों से पहले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और सफ-सफाई जांचने के लिए शुक्रवार को हाईवे स्थित तीन होटलों में संयुक्त टीम ने निरीक्षण किया। न्यायालीय रमाकांत सहरे के नेतृत्व में खाद्य विभाग, नगरपालिका, राजस्व और पुलिस की टीम कूड़ पार्क, सागर्वी और हवेली रेसीडेंसी पहुंची। अचानक हुई कार्रवाई से होटल संचालकों में हलचल मच गई।

निरीक्षण के दौरान कूड़ पार्क रेस्टोरेंट की रसोई में गंदगी मिली। वहां पनीर खराब हालत में पाया गया। लकड़ियां ब्रेड के पैकेट्स की एक्सपायरी अवधि समाप्त हो चुकी थी। इस पर 2-2 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी कुदसिया खान के अनुसार, विभिन्न राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी कुदसिया खान के अनुसार, प्रयोगशाला की रिपोर्ट में मिलावट या गुणवत्ता संबंधी गड़बड़ी सामने आने पर खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

अतिक्रमण हटाकर लगाया जुर्माना

होटलों की जांच के बाद संयुक्त टीम ने हाईवे किनारे अतिक्रमण के खिलाफ भी कार्रवाई की। सड़क पर अवैध रूप से रखा सामान जब्त कराया गया और अतिक्रमण करने वालों पर कुल 8 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। कार्रवाई के दौरान हाईवे क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में हलचल रही।

डीआर राजगढ़

05

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन आश्विन शुक्ल पक्ष-07 -2083 राजगढ़, दिन शनिवार,दिनांक 17 अक्टुबर,

न्यूज गैलरी

अनियंत्रित कार ने परिवार को मारी टक्कर 6 साल के बालक की मौत्य माता-पिता गंभीर रोड और खुजनेर । जानकारी के अनुसार, अज्ञात अनियंत्रित इको कार की टक्कर विक्रमादित्या के पीछे सुकवार से छह नवीय बालक की मौत हो गई, माता-पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, जसवंत रोड निवासी भगवान सिंह भगत पिता और बेटे निर्भय को साथ बीपहिया वाहन के पास खड़े थे। तभी इको कार (एमपी 09 एफ 8253) ने तीनों को टक्कर मार दी। निर्भय की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों को सारंगपुर रेफर किया गया। पुलिस ने चालक और एक अन्य व्यक्ति को हिरासत में लिया

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत दिव्यांश साहू निवासी अम्बेडकर भवन के पास अशोकनगर ने पिपो दर्ज कराई है कि आरोपी गगन चौधरी, रोहित बोहरा ने उसका रास्ता रोककर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी जिसे के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नहर कॉलोनी निवासी राकेश पंथ ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सलीम और देव शर्मा उसके मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

युवक ने फांसी लगाकर खुदखुशी की

अशोकनगर। जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम गोहरला बहादुरपुर निवासी मुकेश पुत्र पन्नालाल सेन उम्र 38 साल ने बाबूलाल जैन के खेत पर खड़े आम के पेड़ पर फांसी लगाकर खुदखुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है सामले की जांच की जा रही है।

जुए के अड्डे पर छापामार कार्रवाई

अशोकनगर। किसी सूचनाकी के अंतर्गत पुलिस ने ग्राम बरखेड़ी में जुए के अड्डे पर छापामार कार्रवाकी की है। पुलिस ने ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए हरिओम कुर्मी, दीपक कुर्मी, अरविंद कुर्मी और अर्जुन कुर्मी को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से पुलिस ने ताश की गड्डी और 1470 रुपए बरामद किए हैं।

किला कोठी में सिंधिया करेंगे जनसंपर्क चंदेरी। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शुक्रवार रात चंदेरी पहुंचेंगे। उनके आगमन को लेकर स्थानीय स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, शनिवार सुबह किला कोठी होटल परिसर में जनसंपर्क कार्यक्रम एवं स्थानीय बैठक आयोजित की जाएगी। इस दौरान स्थानीय लोगों से मुलाकात कर क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे। जनसंपर्क कार्यक्रम एवं स्थानीय बैठक के पश्चात केंद्रीय मंत्री सिंधिया 50 बिस्तरों वाले अस्पताल के निर्माण कार्य का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान अस्पताल निर्माण की प्रगति एवं अन्य संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी ली जाएगी। इसके बाद केंद्रीय मंत्री चंदेरी स्थित ऐतिहासिक दुर्ग महोत्सव के लिए रवाना होंगे, जहां लोकोत्सव के कार्यक्रम में शामिल होंगे। उनके इस दौरे को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक एवं सामाजिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। उक्त कार्यक्रम की जानकारी चंदेरी मंडल अध्यक्ष सहित देशा ने दी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शुक्रवार रात चंदेरी पहुंचेंगे तथा

गोशाला के गोबर से बनेगी गैस, गांव वालों को मिलेगा स्वच्छ ऊर्जा

राजगढ़ के उदनखोड़ी में 40 घनमीटर क्षमता के बायोगैस संयंत्र का संचालन शुरू, जैविक खाद भी मिलेगी

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़।

जिले में गोशालाओं में एकत्रित होने वाले गोबर का उपयोग अब स्वच्छ और वैकल्पिक ऊर्जा के उत्पादन में किया जाएगा। इसके लिए संसाधनों का बेहतर उपयोग करने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत उदनखोड़ी में 40 घनमीटर क्षमता के बायोगैस संयंत्र का संचालन शुरू किया गया है। इससे तैयार होने वाली गैस का उपयोग ईंधनों हाल किया जा सकेगा। साथ ही संयंत्र से निकलने वाले अवशिष्ट पदार्थ का उपयोग जैविक खाद के रूप में करने की संभावना है।





कलेक्टर डॉ. निर्देश मिश्र और जिला पंचायत सीईओ डॉ. इकबाल पड़ताले की पहल पर संयंत्र शुरू किया गया है। उल्लेखनीय है कि मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने गोशाला भ्रमण के दौरान बायोगैस संयंत्र का निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने संयंत्र की व्यवस्था और गोशाला में उपलब्ध संसाधनों के उपयोग का अवलोकन किया था। अब संयंत्र का संचालन शुरू होने से गोबर के बेहतर प्रबंधन और स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन की दिशा में पहल आगे बढ़ी है।

प्रतिदिन 400 किलो गोबर की जरूरत

इस संयंत्र को संचालित करने के लिए प्रतिदिन लगभग 400 किलोग्राम गोबर की आवश्यकता होगी। इससे उत्पादित गैस का उपयोग खाने पकाने और बर्नर सहित अन्य कार्य जरूरतों को पूरा करने में किया जा सकेगा। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, संयंत्र से तैयार गैस लगभग 55 से 60 घंटे तक खुला या बर्नर जलाने की क्षमता पूरी कर सकती है। इससे ग्रामीण परिवारों को वैकल्पिक ऊर्जा उपलब्ध कराने में मदद मिलने की उम्मीद है। जैविक खाद से खेती में भी लाभ

बायोगैस संयंत्र के संचालन से लगभग 2 टन लिक्विड एवं ठोस जैविक खाद उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। इससे रासायनिक खाद पर निर्भरता कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

पर्यावरण संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा

गोबर का व्यवस्थित उपयोग होने से गोशाला में अपशिष्ट प्रबंधन बेहतर होगा। इससे ग्रामीण स्वच्छता को बढ़ावा मिलने के साथ पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों को कम करने में भी सहायता मिल सकती है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय संसाधनों के अधिकतम उपयोग और स्वच्छ ऊर्जा के विकल्पों को प्रोत्साहित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उदनखोड़ी में शुरू हुआ यह संयंत्र ग्रामीण विकास, ऊर्जा के वैकल्पिक साधनों और जैविक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

आयुष्मान योजना में फर्जीवाड़े का आरोपी मंदसौर में चला रहा था अस्पताल और नर्सिंग कॉलेज

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा।

मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले के नैमोदामंडी स्थित साई नाथ हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में आयुष्मान भारत योजना के तहत कथित फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। आरोप है कि अस्पताल में फर्जी के एक कॉलेटर की फर्जी सील, हस्ताक्षर और रजिस्ट्रेशन का इस्तेमाल कर मरीजों को फर्जी भर्ती दिखाया गया और योजना के तहत लाखों रुपये के पैकेज निकाले गए। अस्पताल संचालक अशोक नागर का नाम इससे पहले राजगढ़ जिले में दर्ज एक मामले में भी सामने आ चुका है।

अस्पताल की मान्यता पर उठे थे सवाल

जानकारी के अनुसार, अशोक नागर ने वर्ष 2019 में खिलचीपुर में 200 बिस्तरों का साई नाथ हॉस्पिटल और मां जालपा नर्सिंग कॉलेज शुरू किया था। आरोप लगा था कि जिस अस्पताल के आधार पर नर्सिंग कॉलेज की मान्यता प्राप्त की गई, वह वास्तविक रूप से मौजूद नहीं था। वर्ष 2021 में मामला सामने आने के बाद तत्कालीन सीएमएचओ केके श्रीवास्तव, मान्यता समिति के दो डॉक्टरों और नागर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। जांच के दौरान अस्पताल निर्माण के लिए बताई गई जमीन के सर्वे नंबर की पड़ताल की गई तो संबंधित स्थान पर खिलचीपुर का महल होने की जानकारी सामने आई थी। इस मामले के चलते नागर का नाम वर्षों से आया था। उनका नाम सीबीआई के एक मामले में भी सामने आ चुका है।

नर्सिंग कॉलेज संचालन पर भी सवाल

सूत्रों के अनुसार, राजगढ़ में संचालित नर्सिंग कॉलेज में विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाता था, जबकि उनकी रिक होने के बाद निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 29 सितंबर को उपचुनाव कराया गया था।

मतगणना के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना प्रभारी सहित रघुवंशी सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

छह स्वर्ण और चार कांस्य पदक हासिल किए, कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ ने दी बधाई

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़



स्कूल स्टेट गेम्स चैंपियनशिप 2026 में राजगढ़ के खेलो इंडिया सेंटर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 10 पदक अपने नाम किए। खिलाड़ियों ने छह स्वर्ण और चार कांस्य पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया। इस उपलब्धि पर कलेक्टर डॉ. निर्देश कुमार मिश्र और जिला पंचायत सीईओ डॉ. इकबाल पड़ताले ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। अधिकारियों ने खिलाड़ी खिलाड़ियों की सफलता की खुशी साझा की।

प्रतियोगिता में राखी गुप्ता, मैना सोलिया, कुश रजार, ज्योतिराज प्रजापति, पुष्पेंद्र सदरिया और सुनिल प्रजापति ने स्वर्ण पदक जीते। वहीं वैष्णव प्रजापति, धार्मिक गौर, रूपीन लाटा और हरिओम प्रजापति ने कांस्य पदक हासिल किए।

मेहनत और अनुशासन का मिला परिणाम

खेलो इंडिया सेंटर राजगढ़ में खिलाड़ियों को निर्धारित कम से कम छह घंटे का प्रशिक्षण दिया जाता है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मिली सफलता को खिलाड़ियों के नियमित अभ्यास, मेहनत और अनुशासन का परिणाम बताया गया।

कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ ने खिलाड़ियों के खेल के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

विकास खाटक बने सुल्तानिया के नए सरपंच

डीआर संवाददाता ✍ सारंगपुर



जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सुल्तानिया में सरपंच पद के लिए हुए उपचुनाव की मतगणना शनिवार को तहसील कार्यालय में संपन्न हुई। इसमें विकास खाटक ने 483 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। इसके बाद तहसीलदार उमेश शर्मा ने उन्हें निर्वाचन प्रमाण-पत्र सौंपा।

चुनाव में कुल आठ प्रत्याशी मैदान में थे। विकास खाटक के अलावा राजू वर्मा को 416, बने सिंह को 372, दिनेश कुमार बागरी को 139, शिवनारायण को 92, भूपसिंह को 67, ललिता बाई मालवीय को 56 और नारायण को 32 वोट मिले। नोटा में 12 मत पड़े। चुनाव में कुल 1879 मतदाताओं ने मतदान किया था। सरपंच पद

जहरीले जीव के काटने से 25 वर्षीय युवक की मौत

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़।



राजगढ़ जिले के मतलवर थाना क्षेत्र के बगावड़ा गांव में शुक्रवार को जहरीले जीव के काटने से 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक खेत की मेड़ पर बैठकर मोबाइल में वीडियो देख रहा था, तभी उसके हाथ में किसी जहरीले जीव ने काट लिया। अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, बगावड़ा निवासी प्रदीप लोधा दोपहर में अपने खेत पर गया था। वह मेड़ पर बैठकर मोबाइल चला रहा था। घटना के बाद उसने परिजनों को बताया कि उसने पास में एक नेवला देखा था। हालांकि, उसे साप ने काटा या किसी अन्य जहरीले जीव ने, इसकी पुष्टि नहीं हो सकी। परिजन उसे तत्काल सुठलिया स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए नेशनल हाईवे पर एहलावपुरा के पास आगरा वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में 22 वर्षीय गोलू पिलवाल की मौत हो गई, जबकि 62 वर्षीय दादा जानकीराम गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, ग्राम सदरीवाला निवासी जानकीराम अपने पोते शिवम के साथ बाइक से एलवैन जा रहे थे। दोनों दादी की अस्थियों का विसर्जन करने के लिए निकले थे। इसी दौरान एहलावपुरा के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

दादा को शाजापुर किया रेफर

घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 की मदद से दोनों को सारंगपुर सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। यहां चिकित्सकों ने जांच के बाद हालत गंभीर बताते हुए दादा को शाजापुर रेफर कर दिया। गंभीर रूप से घायल आलोराम को प्राथमिक उपचार के बाद शाजापुर रेफर किया गया।

हादसे की खबर मिलते ही परिवार में शोक छा गया। पुलिस अज्ञात वाहन और दुर्घटना के संबंध में जानकारी जुटा रही है। पोस्टमार्टम के बाद विसर्जन का शेष परिजनों को सौंपी जाएगी।

दादी की अस्थियां विसर्जित करने जा रहे पोते की सड़क हादसे में मौत

डीआर संवाददाता ✍ कुरावर



सम्मान कुरावर में 201 मीटर लंबी चुनरी यात्रा निकली, विधायक ने किया महिला श्रद्धालुओं का सम्मान

14वें वर्ष आयोजित यात्रा में सैकड़ों महिलाएं शामिल, मां अन्नपूर्णा को चुनरी अर्पित कर की

डीआर संवाददाता ✍ कुरावर।

शारदीय नवरात्र के छठे दिन शुक्रवार को कुरावर नगर में मां अन्नपूर्णा के प्रति आस्था और भक्ति का माहौल देखने को मिला। रघु पाल सिंह मंडल के तत्वावधान में लगभग 14वें वर्ष 201 मीटर लंबी चुनरी यात्रा निकाली गई। यात्रा में लाल वस्त्र धारण कर सैकड़ों महिला श्रद्धालु शामिल हुईं। ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के बीच निकली यात्रा का नगर में जगह-जगह स्वागत किया गया।

विधायक ने पूजन कर यात्रा को रवाना किया

चुनरी यात्रा का शुभारंभ नेशनल हाईवे स्थित शिवमान कॉलोनी के शिवालय से क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा की उपस्थिति में हुआ। विधायक ने भगवान शिव के दर्शन और पूजन के बाद मां अन्नपूर्णा की आराधना की। इस दौरान उन्होंने यात्रा में शामिल नहीं श्रद्धालुओं का सम्मान भी किया।

विधायक शर्मा ने कहा कि कुरावर से प्रतिवर्ष निकलने वाली चुनरी यात्रा आस्था और श्रद्धा का प्रतीक बनती जा रही है। नवरात्र के नौ दिन सनातन और उपवास के लिए महत्वपूर्ण हैं। मां की आराधना से श्रद्धालुओं को नई ऊर्जा और सकारात्मकता मिलती है।

मां अन्नपूर्णा को अर्पित की चुनरी

शुक्रवार शाम करीब 6 बजे शुरू हुई यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कुरावर नगर स्थित मां अन्नपूर्णा मंदिर पहुंची। करीब एक किलोमीटर लंबे रूट पर निकली यात्रा में श्रद्धालु भक्ति गीतों के साथ शामिल हुए। मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से मां अन्नपूर्णा को 201 मीटर लंबी चुनरी अर्पित की गई।

इसके बाद मध्य मंगल आरती, महाआरती और महाप्रसादी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और युवा श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान नगर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने मां अन्नपूर्णा के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।



टीआई और अधिवक्ता के बीच विवाद, वकीलों ने थाने पहुंचकर जताई नाराजगी

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा।

चेक बाउंस के मामले को लेकर सिटी थाना प्रभारी विश्वराज सिंह चौहान और अधिवक्ता विष्णु दागी के बीच विवाद हो गया। टीआई पर धमकाने और वर्दी का रौब दिखाने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को अधिवक्ता संघ के सदस्यों ने सिटी थाने पहुंचकर घेराव किया और नाराजगी जताई।

मामला लगभग दो माह पूर्व चेक के बाउंस होने से जुड़ा है। यह प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। इसी बीच सोमवार रात को दोनों पक्षों के समझौता होने की बात कह